प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल हुए प्रथम चरण के मतदान पर मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा–वोट देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद।

- इंडी गठबंधन की उलगुलान महारैली रांची में कल, कांग्रेस, आप, सपा, राजद सहित गठबंधन के कई बड़े नेताओं के शामिल होने की संभावना।

- जैक द्वारा जारी हुए मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में पांच प्रतिशत की गिरावट, सुविधाएं देने के बाद भी पिछड़ने की समीक्षा करेगा विभाग।

- भारतीय रेल की समर स्पेशल ट्रेनों ने 14 से 16 अप्रैल तक दो करोड़ छियासी लाख किलोमीटर की लंबी दूरी की यात्रा कराई, रांची रेल मंडल से भी कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन 25 अप्रैल से होगा शुरू।

- राजधानी रांची समेत राज्यभर में हीट वेव को लेकर मौसम विभाग का यलो अलर्ट, बढ़ती गर्मी की आशंका से स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में अलग विंग बनाने का दिया निर्देश।

*************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शानदार प्रतिक्रिया मिली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने वोट देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 लोकसभा सीटों पर रात 9 बजे तक 62 दशमलव तीन सात प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा और तमाम क्षेत्रों के मतदाताओं ने नागरिक जिम्मेदारी का शानदार प्रदर्शन करते हुए गर्मी के बावजूद उत्साहपूर्वक भाग लिया। 102 सीटें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की हैं।

*************

राजधानी रांची में कल होने वाले इंडी गठबंधन की न्याय उलगुलान महारैली में देशभर से नेताओं के जुटने की संभावना है। आयोजन को लेकर साझा मुहिम चलाई जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, राजद से तेजस्वी यादव, आप नेत्री सुनीता केजरीवाल, नेशनल कांग्रेस के फारुख अब्दुल्ला सहित प्रमुख नेता महारैली में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और राज्यसभा सांसद नासीर हुसैन आज रांची पहुंचेंगे।

*************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा कल जारी हुए मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में पांच प्रतिशत की गिरवाट आई है। इस वर्ष परीक्षा में नब्बे दशमलव तीन प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह ने कहा कि एससीक्यू टाइप के प्रश्नों की संख्या कम होने और ओमएआर शीट हटा लिए जाने के कारण रिजल्ट पर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि सुविधाएं देने के बाद भी पिछड़ने वाले जिलों की समीक्षा की जाएगी। जैक चेयरमैन डॉ अनिल कुमार महतो ने कहा कि पिछले साल की तुलना में 33 दिन पहले परिणाम घोषित किए गए हैं। शिक्षा सचिव ने बताया कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद वर्ष 2023 और 2024 के टॉपरों को सम्मानित किया जाएगा। पिछले वर्ष मैट्रिक परीक्षा के टॉपरों को सम्मानित नहीं किया जा सका था।

*************

लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता मामले में लगातार और त्वरित कार्रवाई हो रही है। अब तक 12 जिलों में 33 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। इंटरनेट और फेक न्यूज मामले में भी धनबाद और कोडरमा में दो–दो और गिरिडीह में एक सहित कुल पांच प्राथमिकी दर्ज हुई है।

*************

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान भी तेज़ हो गया है।

*************

चतरा जिले के टंडवा स्थित एन टी पी सी नॉर्थ करणपुरा परिसर कल अचानक आग लग गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्लांट स्थित भेल के यार्ड नंबर 7 में रखे तारों में अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। तेज हवाओं के कारणआग की लपटों से क्षेत्र के आसा पास कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था। आठ दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

*************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*************

भारतीय रेलवे ने इस महीने की 14 से 16 तारीख तक तीन दिनों की छोटी–सी अवधि में 2 करोड़ 86 लाख लंबी दूरी की सवारियों को यात्रा कराई है। भारतीय रेलवे गर्मियों में भीड़ कम करने के लिए 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 जून तक नौ हजार 111 अतिरिक्त फेरे चला रही है। इस महीने की 15 तारीख तक एक करोड़ से अधिक लंबी दूरी की सवारियों को ले जाया गया। इधर, यात्री सुविधा को देखते हुए रांची भागलपुर समर स्पेशल 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक गुरूवार को रांची से रात को ग्यारह बजकर पच्चीस मिनट पर प्रस्थान करेगी। 26 अप्रैल से 28 जून तक हर शुक्रवार को इस ट्रेन का भागलपुर से रांची के लिए परिचालन होगा। रांची इस्लामपुर–रांची के बीच सुपर स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक शनिवार को रात आठ बजकर बीस मिनट पर रांची से रवाना होगी। जबकि इस्लामपुर से 27 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार की रात नौ बजकर पचास मिनट पर रवाना होगी।

*************

जामताड़ा के उदलवनी स्थित ओल्ड एज होम का उपायुक्त कुमुद सहाय ने कल औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने ओल्ड एज होम में रह रहे बुजुर्गों से मिलकर उनका हाल–चाल जाना और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

*************

मई माह में भीषण गर्मी की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के उपायुक्त और सिविल सर्जन को हीट स्ट्रॉक को लेकर अस्पतालों में अलग विंग बनाने का निर्देश दिया है। निर्देश में कहा गया है कि सभी सरकारी अस्पतालों में आइसपैक, कोल्ड वाटर, फैन, एयर कूलर, ओआरएस का पैकेट और डायरियारोधी दवा आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखें।

*************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज से अलगे दो दिनों तक गर्मी बढ़ने की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान है। कोल्हान, उत्तरी छोटानागपुर के बोकारो, धनबाद और संताल परगना के जिलों में अगले तीन दिनों तक उष्ण लहर चलने को लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। 22 अप्रैल से मौसम के बदलाव के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की भी संभावना है।

*************

आईपीएल क्रिकेट में कल रात लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से लखनऊ में हरा दिया। एक सौ 77 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स ने 19 ओवर में दो विकेट खोकर एक सौ 80 रन बना लिए। आज डेल्ही कैपिटल्स का मुकाबला सनराईजर्स हैदराबाद से दिल्ली में होगा। ये मैच शाम साढे सात बजे शुरु होगा।

*************

अखबारों की सुर्खियों से

राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कल जारी हुए मैट्रिक परीक्षा के परिणाम और राज्य में लोकसभा की चुनावी गतिविधियों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक हिन्दुस्तान ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है चुनाव तैयारियों में नहीं चलेगी शिथिलता।

प्रभात खबर ने हाईकोर्ट के आदेश के आदेश का हवाला देते हुए लिखा है नशे के धंधे के खिलाफ कार्रवाई करे सरकार।

दैनिक भास्कर लिखता है–चार साल का सबसे खराब रिजल्ट, क्योंकि शिक्षक ट्रेनिंग पर, स्कूलों में बच्चे पढ़ा रहे।

दैनिक जागरण ने राज्य निर्वाचन आयोग की कार्रवाई को प्रमुखता से लेते हुए लिखा है आचार संहिता उल्लंघन पर तेजी से चल रहा है चुनाव आयोग का डंडा।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने पलामू लोकसभा के बूढ़ा पहाड़ का किया दौरा, कहा–नक्सलियों के सफाए से बना है भयमुक्त वातावरण, उत्साह के माहौल में होगा मतदान।

हिन्दुस्तान टाइम्स ने सरयू राय के बयान का हवाला देते हुए लिखा है–लोकसभा चुनाव में ढुल्लू महतो का सामना करने को तैयार हूं।

द टाइम्स ऑफ इंडिया लिखता है दसवीं कक्षा के नतीजों में हजारीबाग की लड़कियां शीर्ष तीन पर।

*************